एमडीयू के लोक प्रशासन विभाग में "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस: बुन ऑर कर्स" विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंच का संचालन शोधार्थी अब्दुल रहीम ने किया। सेवानिवृत प्रो. संजीव वर्मा (हिंदी विभाग, एमडीयू, रोहतक), सेवानिवृत प्रो. रश्मि मालिक(अंग्रेजी विभाग, एमडीयू, रोहतक), प्रो. प्रीति गुलिया (कंप्यूटर साइंस एंड एप्लिकेशन विभाग, एमडीयू, रोहतक) निर्णायक मंडल के सदस्य रहे। लोक प्रशासन विभाग के अध्यक्ष सेवा सिंह दहिया द्वारा निर्णायक मंडल और सभी प्रतिभागियों का स्वागत भाषण दिया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में यूटीडी व संबद्ध महाविद्यालयों की 17 टीमों ने भाग लिया। डॉ. संजीव वर्मा ने प्रतियोंगिता के परिणाम घोषित किए। नेकीराम कॉलेज, रोहतक की टीम ने प्रथम पुरस्कार, जीवीएम, सोनीपत की टीम ने दूसरा व वेश आर्य कन्या महाविद्यालय, बहादुरगढ़ की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार यूआईईटी, एमडीयू, रोहतक और डिपार्टमेंट ऑफ डिफेंस स्ट्डीज की टीमों को प्रदान किया गया। अंत में प्रो. सतबीर सिंह चाहर द्वारा सभी का धन्यवाद किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. जगवीर नरवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. राजेश कुमार कुंडू, डॉ. समुंदर सिंह, डॉ. सुमनलता सहित सभी शोधार्थी एवं विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों मौजूद रहें।